मूल्यः एक रूपया

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com
www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–17, अगस्त 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

प्रिय दोस्तों, आप सभी अवगत हैं कि 15 अगस्त 2017 को भारत ने अपनी स्वतंत्रता के 71वें वर्ष में प्रवेश किया और देश के वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक नए भारत के नए प्रारूप का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में नयी सोच नयी कार्य प्रणाली और नयी पद्धतियों को जन्म देती है और हमें भी अपनी क्षमताओं के दायरे से बाहर निकल कर निरंतर नए प्रयास करने की शक्ति भी देती है। हमें अब हर सीमा के आगे आकर कार्य करना होगा जो बृहत् रूप से देशहित में हो। मुझे गर्व है कि हमने स्टील जगत में तेजी से एक ऊंचा मकाम हासिल किया है और कामधेनु लिमिटेड सदा ही नए लक्ष्य निर्धारित कर पूरे उल्लास और जज़्बे के साथ आगे बढ़ती रही है। इसी ऊर्जा ने कंपनी को इंफ्रास्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन मटेरियल के उत्पादन क्षेत्र में एक खास जगह दिलाई है।

आज मैं आप सभी का दिल से धन्यवाद करना चाहता हूँ कि आप कठोर परिश्रम और अपनी काबिलियत के बल पर कंपनी को और अपने आपको सफलता के सफर में बहुत आगे ले जा रहे हैं। जैसे जैसे बुनियादी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर की नयी इबारत लिखी गयी, हमने भी बेहतरीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बल पर इनोवेशनल प्रोडक्ट्स भारतीय बाजार को प्रदान किये हैं। इसका एक बहुत ही बड़ा और अच्छा उदहारण है कामधेनु नेक्स्ट जिसे अपनी अद्वितीय विशेषताओं के कारण नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील भी कहा गया है। पूरे देश के विभिन्न रीजन में लांच होने के बाद कामधेनु नेक्स्ट की सफलता ने हमें खासा प्रभावित किया है और चूँकि आने वाले समय में स्टील क्षेत्र में भी उतनी ही संभावनाएं बढेंगी जितना इंफ्रास्ट्रक्चर के एरिया में विकास होगा, हम बेहतरीन उत्पाद बनाते रहेंगे और देश के विकास में योगदान देते रहेंगे। स्मार्ट सिटी कांसेप्ट की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए हमें चाहिए कि हम इस दौर का दोगुने जोश से स्वागत करें और अपने लिए विकास के दायरे स्वयं ही सुनिश्चित करें। देश में एक बड़े स्तर पर बदलाव हो रहे हैं और विमुद्रीकरण के बाद एक फैसला लेते हुए सरकार ने नयी कर प्रणाली को लागू किया है जो आने वाले भविष्य में देश की इकॉनमी को बहुत मजबूत बनाएगा।

मैं आज कामधेनु स्टील की पूरे देश में फैली टीम को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ। हमें याद रखना है कि कार्य प्रणाली बदलती है, पालिसीज को मार्किट की जरूरत के हिसाब से बदलना पड़ता है लेकिन हमारा सफलता मंत्र एक ही है कि अपने कस्टमर बेस की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए उनकी भवन निर्माण से जुड़ी हर जरूरत को हम पूरा कर सकें। इसीलिए हम अपनी उत्पाद रेंज में भी इनोवेशन करते रहते हैं ताकि भवनों की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को लंबे अरसे तक महफूज रख सकें। बस इसी मंत्र को हमें अपनी सूझ– बूझ से प्रयोग में लाते रहना है और व्यवहार कुशलता से मार्किट में अपने स्थान और छवि को मजबूत बनाते और बढ़ाते रहना है। मुझे आशा है और विश्वास भी है कि हमेशा की तरह आप सभी कामधेनु स्टील को नयी बुलंदियों तक ले जायेंगे और विश्व पटल पर अपनी सफलता नजर आएगी।

मैं एक बार फिर आप सभी का धन्यवाद करता हूँ और यह भरोसा दिलाता हूँ कि कंपनी सदा ही आपकी मेहनत, कर्मठता और कौशल को सराहती है और हम आपके विकास के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे क्योंकि आपका विकास ही कंपनी की सफलता है। हमारे उदेश्य बड़े हैं और इसके लिए उड़ान भी ऊँची ही होनी चाहिए यह आप सभी जानते हैं। मुझे आशा है हम सब मिलकर एक नए भारत का नक्शा प्रत्यक्ष रुप से गढ़ने में पूरा योगदान देंगे। इसी के साथ आप सभी को मेरी शुभकामनाएं और आभार!

सुनील अग्रवाल






# आजादी के 71वें वर्ष में प्रवेश, सच होगा स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त भारत का सपना




15 अगस्त 2017 को भारत ने आजादी की वर्षगाँठ बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाई और पूरे देश में जश्न का माहोल रहा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चौथी बार लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फेहराकर देश की आवाम को संबोधित किया। उन्होंने इस खास मौके पर देशवासियों को आजादी और जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुदर्शन चक्रधारी मोहन से लेकर चरखा धारी मोहन तक हमारी विरासत है। उन्होंने देश पर कुर्बान होने वाले शहीदों, माताओं बहनों को सवा सौ करोड़ देशवासियों की ओर से नमन किया।

उन्होंने कहा की देश को गरीबी से मुक्त कराने के लिए हम सब के भीतर राष्ट्रभाव होना चाहिए जहाँ से राष्ट्र का हित शुरू हो जाता है। पी एम मोदी ने आगे कहा कि हमें 'चलता है' की प्रवर्ती को छोड़ना होगा होगा और 'बदल रहा है' का भाव अपने कर्तव्य में उत्पन्न करना होगा। वन रैंक वन पेंशन, वैश्विक संबंध, कश्मीर, काला धन, स्वराज्य, तीन तलाक, जातिवाद, कम्पीटीटिव कॉपरेटिव फेडरलिज्म आदि को अपने भाषण में शामिल किया और देश को विश्वास दिलाया की भारत एक अभूतपूर्व और रौशन भविष्य की ओर अग्रसर है जिसमें हर एक भारतीय को हर तरह से खुशहाल रखने की पुरजोर कोशिश शामिल है।



# ट्रिपल तलाक पर लगा विराम

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम् फैसला लेते हुए सदियों पुराने तीन–तलाक के मसले को एक ऐतिहासिक निर्णय का विराम सौंपा जिसमें इंस्टेंट ट्रिपल तलाक या तलाक–ए–बिद्दत को समाप्त करने का फैसला किया। पांच में से तीन जजों की संवैधानिक पीठ द्वारा इसे विराम देने की कवायद की गयी जिसमें जस्टिस रोहिंटन एफ नरीमन, उदय यू ललित और कुरियन जोसफ ने इस चलन को मनमाना और बेबुनियाद कहा जो सीधे तौर पर मानवाधिकार का हनन है। चीफ जस्टिस जेएस खेहर ने इसके लिए केंद्र सरकार से छः महीने के अंतराल में कानून बनाकर स्पष्ट दिशा निर्देश तय करने के लिए कहा और तब तक के लिए कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन तलाक पर तत्काल रोक लगाई गयी। इस अवधि के दौरान देश भर में कहीं भी तीन तलाक मान्य नहीं होगा।



# ब्रिक्स समिट के पूर्व ही डोकलाम से पीछे हटे भारतीय और चीनी सैनिक

चीन और भूटान के बीच विवादित क्षेत्र डोकलाम भारत के लिए सामरिक रूप से बेहद अहम् है। यह शेष भारत को पूर्वोत्तर क्षेत्र से जोड़ने वाले गलियारे के निकट है। चीन ने इस क्षेत्र में सड़क निर्माण की कोशिश की, जिसका भूटान ने विरोध किया था। भूटान की मदद के लिए भारत आगे आया और यहाँ करीब 74 दिनों तक चीनी सेना से टकराव बना रहा। भूटान के साथ भारत की रक्षा संधि के तहत भारत को भूटान की मदद के लिए आगे आना पड़ा।

इस विवाद के चलते रेशम के आयात पर खासा असर पड़ा और श्रमिकों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही मानसरोवर यात्रा पर भी इसका असर दिखाई दिया। नाथू ला से होकर जाने वाले रास्ते को बीच में ही रोक देना पड़ा। डोकलाम विवाद पर भारत को कई बड़े देशों जैसे अमेरिका और जापान आदि का साथ मिला। अब सबकी नजर होने वाली ब्रिक्स सम्मलेन पर टिकी है जिसमें कुछ खास मुद्दों पर बातचीत हो सकती है।




# कामधेनु लिमिटेड ने दिया अपने डीलरों को रोमांचक दुबई ट्रिप

एक विकासशील देश के लिए इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट सबसे प्रमुख स्तम्भ माना जाता है। यह जानना भी अत्याधिक जरूरी है कि हर सेक्टर के विस्तार में टेक्नोलॉजी का कितना और क्या रोल है। यही वजह है कि इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन कंपनियों की सहभागिता और बढ़ जाती है। भारत जनसँख्या के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा और विश्व में तेजी से तरक्की कर रहे कुछ देशों में शुमार है। जाहिर है कि जनसँख्या के हिसाब से संसाधनों का प्रयोग और तकनीकी कौशल का उपयोग बहुत ही सूझ बूझ से करना होगा। इस सोच को साझा करते हुए भारत में नामचीन स्टील कंपनियों में शामिल कामधेनु लिमिटेड दो से अधिक दशकों से देश का रूप बदलने के लिए प्रयासरत है।

कामधेनु अपने इंटर–आर्गेनाइजेशनल मीटिंग और कांफ्रेंस के लिए जाना जाता है जिससे कंपनी से जुड़े सभी लोगों के काम करने की ऊर्जा में इजाफा होता है। इसी क्रम में कंपनी ने अपने डीलरों के लिए 18–22 जुलाई तक के लिए दुबई का इंसेंटिव ट्रिप आयोजित किया जिसमें करीब 72 लोगों ने भाग लिया। इस टूर में कंपनी की ओर से श्री मयूर राजगुरु (सीनियर एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग), श्री संदीप अगरवाल (सीनियर एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग), श्री हितेश शाह (डिस्ट्रीब्यूटर, चिंतन स्टील), श्री आश्रय एम. फुलेत्रा (डिस्ट्रीब्यूटर, पॉलीमर कारपोरेशन) और श्री निमेश गोयल (डिस्ट्रीब्यूटर, गुजरात स्टील) मुख्य रूप से शामिल रहे। उन्होंने डीलरों को अपने पूरे जोश के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया जिससे उनकी खुद की और कंपनी की ग्रोथ स्वाभाविक है।

# बिहार के बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया कामधेनु समूह




**एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट का उदहारण देते हुए कामधेनु समूह ने राउण्ड टेबल इण्डिया के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाई**

पिछले कई दिनों से बिहार में मचे बाढ़ के उत्पात ने 1.71 करोड़ की आबादी को प्रभावित किया है जबकि बाढ़ की चपेट में आने से मरने वालों की संख्या 514 के आंकड़े को पार कर चुकी है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी ने पुष्टि की कि बाढ़ग्रस्त जिलों के प्रभावित इलाकों से अब बाढ़ का पानी उतर रहा है पर अभी तक भी 19 जिलों के 187 खण्डों की डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा आबादी बुरी तरह प्रभावित है। हमेशा की तरह कामधेनु लिमिटेड आगे आकर इस आपदा में पीड़ितों की सहायता हेतु उनके बचाव एवं उनकी देख–रेख में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है।

आपदा प्रबंधन विभाग के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बाढ़ग्रस्त जिलों में राहत और पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है जिसमें एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट की तरह कामधेनु लिमिटेड ने दरभंगा, सीतामढ़ी और चंपारण जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई। **राउण्ड टेबल इण्डिया** के साथ मिलके कामधेनु लिमिटेड ने 5000 से अधिक लोगों के लिए बिस्कुट, मोमबत्तियां, माचिस, मिल्क पाउडर, चूरा, गुर, सत्तू, पेयजल, तौलिया, प्लास्टिक शीट, दवाइयां व तिरपाल आदि की व्यवस्था की।

जिलों में लगातार सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी हुई है। कामधेनु के इस कार्य को चहुँओर सराहना मिली और बाकी लोगों ने भी अपने अपने स्तर से जो कुछ भी सहायता हो सकती थी, बाढ़ पीड़ितों को पहुंचाई।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.08.2017


# वाटरप्रूफिंग पोर्टफोलियो में बढ़ोत्तरी करते हुए कामधेनु ने लांच किये दो बेहतरीन उत्पाद




**KAMOPROOF ALW**
Cement ki Jaan Sariye ki Shaan

**KAMOCRETE CRP**
Concrete Repair Product

## सीलन और शोरा को छुपाओ नहीं, सुधारो!

इनोवेटिव उत्पाद रेंज, टीम का कभी न डिगने वाला उत्साह, हाई–एंड रिसर्च और डेवलपमेंट, हर वर्ग के कस्टमर्स के लिए किफायती उत्पाद कामधेनु पेंट्स के महत्वपूर्ण भाग हैं। कंपनी ने अपने उत्पादों को प्रीमियम, मीडियम और इकॉनमी रेंज पेंट प्रोडक्ट की श्रृंखला में बांटा है जिससे हर तबके की जरूरतों को पूरा किया जा सके। डिजाइनर पेंट उत्पाद के अंतर्गत टेक्सचर्ड–डिजाइनर फिनिश, एलास्टोमेरिक कोटिंग और प्रीमियम ऐक्रेलिक इमल्शन घरों व बिल्डिंगों के बाहरी और आतंरिक हिस्सों की खूबसूरती को बहुत लंबे समय तक बरकरार रखते हैं।

देश में सजावटी पेंट की अग्रणी कंपनियों में शुमार कामधेनु पेन्ट्स, जो बड़े पैमाने पर समग्र बिल्डिंग सामग्री एक ही छत के नीचे अपने एक बड़े कस्टमर बेस को मुहैया कराती आई है, अपने वाटरप्रूफिंग पोर्टफोलियो में वृद्धि करते हुए कैमोप्रूफ ALW और कैमोक्रीट CRP (Concrete Repairing Product) को मार्किट में लांच कर रही है।

कैमोप्रूफ ALW को सीपेज और रिसाव से दीवारों और छतों को लंबे समय तक स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है। सीमेंट की सही मात्रा के साथ उपयोग करने पर यह टीएमटी बार को जंक और नमी से बचाता है जिससे बिल्डिंग की मजबूती और बढ़ती है।

अद्वितीय रासायनिक गुण होने की वजह से कैमोप्रूफ ALW दीवार के छिद्र को भरता है और नमी या पानी के कंक्रीट के संपर्क में आने पर कोशिकाओं को बनने से रोकता है जिससे सीलन का सवाल ही नहीं उठता। इसकी प्रॉपर्टीज में $H_2O$ अणुओं का प्रतिरोध होता है और यह बिल्डिंग की छत या दीवार को एक लम्बी और पक्की सुरक्षा प्रदान करने में बहुत उपयोगी है। नींव, बीम, स्तम्भ, छत, बाहरी और आन्तरिक प्लास्टर को मजबूत करता है और साथ ही भवन के पूरे स्ट्रक्चर को भी बल देता है।

कैमोक्रीट CRP एक विशेष प्रकार का उत्पाद है जो पूरी तरह से वाटरप्रूफ है। इसकी ठोस प्रवर्ति प्लास्टर को और मजबूत बनाती है। यह खास उत्पाद दरारों, बाथरूम, बालकनी, सीढियों आदि के नमी और सीलन वाले हिस्सों के लिए एक किफायती और कारगर समाधान है। सीमेंट के मिक्स के साथ मिलकर कैमोक्रीट CRP मिक्स्ड मोर्टार की जोड़ने की शक्ति को और बेहतर बनाता है और पानी के अवरोध के लिए एक टिकाऊ कोटिंग बनाता है।




**श्री संजय**
**मेसर्स भरत पेंट्स**
हल्लु सराय, संभल
मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश
मो. 8273027400

**श्री मुकेश कुमार**
**मेसर्स मुकेश कुमार लोकेश कुमार**
12, नारायणगंज, गढ़ रोड,
हापुड़, उत्तर प्रदेश
मो. 9837894931

**श्री विजय संगल**
**मेसर्स संगल पेंट्स एण्ड हार्डवेयर स्टोर**
हनुमान मंदिर रोड शामली
उत्तर प्रदेश
मो. 7500743049

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092.

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com